राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

रामोजी राव के निधन पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 8 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के प्रमुख तथा रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

उन्होंने पत्रकारिता और मनोरंजन के साथ कृषि क्षेत्र में किए उनके अभिनव प्रयासों और नवाचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका निधन अपूरणीय क्षति है।

राज्यपाल ने रामोजी राव की पुण्यात्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

———